# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 03.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक जारी, झारखंड के वित्त मंत्री करेंगे क्षतिपूर्ति अनुदान जारी रखने की मांग।**
2. **भाजपा महिला मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात, रांची पुलिस पर लगाया महिला कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप।**
3. **चतरा के मनोज कुमार चौबे और रामगढ़ के सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित, शिक्षक दिवस पर किये जायेंगे सम्मानित।**
4. **रांची समेत राज्य भर में उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है प्रकृति पर्व करमा, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक पर्व की बधाई।**
5. **बोकारो में आयोजित छठी झारखंड राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में रांची की टीम 18 स्वर्ण पदकों के साथ ओवरऑल चौंपियन, रक्षा राज्य मंत्री ने दी बधाई।**

********************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज नयी दिल्ली में हो रही है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के तहत नए सुधारों को अक्टूबर की शुरुआत तक लागू करने की डेडलाइन के करीब पहुंच रही है। बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी शामिल हैं। रांची से दिल्ली रवाना होने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में श्री किशोर ने कहा कि वे केन्द्र से झारखंड के लिए क्षति पूर्ति अनुदान जारी रखने का आग्रह करेंगे।

********************

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अगस्त माह की किस्त जारी कर दी है। इससे रांची जिले की 3 लाख 78 हजार से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। इन महिला लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ढाई–ढाई हजार रुपये की राशि भेजी गयी है।

********************

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपकर रांची पुलिस की शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने एक सितंबर को कांग्रेस कार्यालय घेराव कार्यक्रम के दौरान भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

********************

बोकारो जिले के स्कूलों में योग की पढ़ाई शुरु करने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आयुष योग प्रशिक्षकों के साथ बैठक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है।

********************

झारखंड के दो शिक्षकों का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। इनमें रामगढ़ के मांडू स्थित पीएमश्री अपग्रेडेड हाई स्कूल, मनुआ के शिक्षक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता और चतरा के अपग्रेडेड प्लस टू स्कूल दोआरी, गिद्धौर के शिक्षक मनोज कुमार चौबे शामिल हैं। शिक्षक दिवस पर झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद पांच सितंबर को इन्हें पुरस्कार स्वरुप 25–25 हजार रुपये नकद, मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज उत्साहपूर्वक प्रकृति पर्व करमा मनाया जा रहा है। यह त्योहार न केवल प्रकृति की पूजा का प्रतीक है बल्कि भाई–बहन के प्रेम और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। विभिन्न अखरों पर पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा–अर्चना की जा रही है।

*******************

उधर, कोडरमा के चंदवारा प्रखंड के बाराडीह मैदान में करमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। घटवार आदिवासी महासभा की ओर से आयोजित करमा महोत्सव में महिलाएं करम डाल की पूजा कर प्रकृति और अपने भाई की रक्षा के लिए वरदान मांग रही हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि करमा झारखंड का महत्वपूर्ण त्यौहार है और करम डाल की पूजा कर बहनें अपने भाई की रक्षा के साथ–साथ प्रकृति की सुरक्षा का संकल्प लेती है। इस मौके पर उन्होंने घटवार–घटवाल को आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग की।

*******************

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को इस लोक पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भाई–बहन के बीच स्नेह व सौहार्द का प्रतीक, यह पर्व हमें प्रकृति–संरक्षण का संदेश भी देता है। उन्होंने देशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों, विशेषकर जनजातीय समुदाय को करम पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

इधर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी एक्स हैंडल पर लिखा है कि यह लोकपर्व भाई–बहन के स्नेह के साथ ही प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश देता है। उन्होंने राज्यवासियों को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों की सुख–समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि करम पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और जीवनशैली का प्रतीक है। यह पर्व भाई–बहन के अटूट संबंध, सामाजिक समरसता तथा प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था और कृतज्ञता को दर्शाता है।

*******************

शेयर बाजार का सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर के उतार–चढ़ाव भरे कारोबार में स्थिर रहे। आखिरी रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स पांच अंक की मामूली गिरावट के साथ 80 हजार 153 पर, जबकि निफ्टी पांच अंक बढ़कर 24 हजार 584 पर पहुंच गया।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 98 हजार 9 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 31 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

रांची समेत राज्यभर में मानसून फिर से सक्रिय है। पूरे राज्य में बादल छाये हुए हैं और रांची समेत राज्य के विभिन्न भागों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पांच सितंबर तक रांची और राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश होगी।

*******************

बोकारो में आयोजित छठी झारखंड राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में रांची की टीम 18 स्वर्ण पदकों के साथ ओवरऑल चौंपियन रही। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से योगासन अब वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो चुका है।

*******समाप्त******